# नगर परिषद रामपुर बुशैहर, जिला शिमला हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन
# अवधि 4/2013 से 3/2015

## भाग–एक

**1 प्रारम्भिक**

(क) ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255(1) में संशोधन होने तथा प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्याः 1–376/81–फिन(एल0ए0)खण्ड–IV, दिनांक 16.10.2008 द्वारा नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के लेखाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक स्थानीय अंकेक्षण विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, नगर परिषद रामपुर बुशैहर, जिला शिमला के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य इस विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षणाधीन अवधि के दौरान नगर परिषद रामपुर बुशैहर में निम्नलिखित प्रधान व कार्यकारी अधिकारी तैनात थे।**

**प्रधान**

| क्र0 सं0 | प्रधान का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री दीपक सूद | 1.4.2013 से 31.3.2015 |

**कार्यकारी अधिकारी**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री बाबु राम नेगी | 1.4.2013 से 27.8.2013 |
| 2 | श्री मुकेश शर्मा (तहसीलदार) | 4.9.2013 से 1.3.2014 |
| 3 | श्री बाबू राम नेगी | 10.3.2014 से 31.3.2015 |

**(ख) नगर परिषद रामपुर के अवधि 4/2013 से 3/2015 के अंकेक्षण प्रतिवेदन में पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार**

| क्र0 सं0 | गम्भीर अनियमितताओं का सार | पैरा सं0 | राशि लाखों में |
|---|---|---|---|
| 1 | रोकड़ वही में दिनांक 31.3.2015 को शेषों में अन्तर | 4 | 1.03 |
| 2 | सावधि जमा में निवेश राशियों पर अर्जित ब्याज की कम प्राप्ति करना | 5 (ख) | 2.60 |
| 3 | शहर में पार्किंग के लिए प्राप्त अनुदान का उपयोग न करना | 6 (ड़) | 57.67 |
| 4 | प्रभावहीन अनुश्रवण के कारण गृहकर की वसूली का न होना | 7 (क) | 74.32 |
| 5 | गृहकर की दर में नियमानुसार संशोधन/लीज़ वृद्धि न करने पर वित्तीय हानि का होना | 7 (ख) | 18.31 |
| 6 | नगर परिषद द्वारा दुकानों के किराये एवं लीज की बकाया का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 8 | 23.25 |
| 7 | नगर परिषद द्वारा परिषद निधि से सेवा कर शुल्क का अनियमित भुगतान करना | 9 | 21.16 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | रैन बसेरा के हॉल के किराये की वसूली न करना | 14(क) | 0.69 |
| 9 | अन्तरराष्ट्रीय लवी मेला–2013 में कलाकारों को कमेटी से अनुमोदन करवाए बिना ही भुगतान करना | 18 | 2.70 |
| 10 | हि0प्र0 राज्य नागरिक आपूर्ति निगम को अग्रधन के रूप में अधिक भुगतान करना | 31 | 0.75 |

### (ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन

गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने पर पैरों की नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिषिष्ट "A" पर दर्शाई गई है। प्रायः यह देखने में आया है कि गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर नगर परिषद द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है, जोकि चिन्ताजनक है। अतः नगर परिषद द्वारा इन पैरों के निपटाने हेतु विशेष अभियान/कार्यवाही करनी सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए, ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तारण सम्भव हो सके।

## भाग–दो

### 2 वर्तमान अंकेक्षण

अवधि 4/2013 से 3/2015 के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण जिसके परिणाम अनुवर्ती पैरों में दिए गए हैं, श्री अनिल कुमार सहायक, नियन्त्रक द्वारा दिनांक 18.2.2016 से 21.5.2016 के दौरान रामपुर बुशैहर में किया गया। आय की विस्तृत जांच हेतु माह 11/13, 11/14 तथा व्यय की जांच हेतु माह 10/13 व 2/15 का चयन किया गया।

वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन संस्था के कार्यकारी अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। उक्त संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई किसी भी गलत सूचना अथवा सूचना उपलब्ध न करवाने पर पाई गई अनियमितताओं के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

### 3 अंकेक्षण शुल्क

नगर परिषद रामपुर के अवधि 4/2013 से 3/2015 के लेखाओं के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹61000 बनता है। उपरोक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट द्वारा निदेशक, स्थानीय अंकेक्षण विभाग एस0डी0ए0 कैम्पलैक्स, ब्लॉक नं0ः 38 कसुम्पटी शिमला–9 हि0प्र0 को भेजने हेतु कार्यकारी अधिकारी से अनुरोध किया गया तथा उनके द्वारा अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि चैक संख्याः 723436, दिनांक 20.5.2016 द्वारा निदेशक, स्थानीय अंकेक्षण विभाग शिमला–9 को भेज दी गई।

## 4 वित्तीय स्थिति

(क) नगर परिषद रामपुर द्वारा प्रस्तुत नगर परिषद के अवधि 4/2013 से 3/2015 के लेखाओं की वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से दिया गया है।

| क्र0 सं0 | वर्ष | स्त्रोत | प्रारम्भिक शेष | आय | ब्याज | कुल राशि | व्यय | अन्तशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2013–14 | अपने साधनों से आय | 8719544 | 19083107 | 165101 | 27967752 | 25706656 | 2261096 |
| | | अनुदानों से प्राप्त आय | 522785 | 17948746 | – | 18471531 | 10881315 | 7590216 |
| | | **कुल** | **9242329** | **37031853** | **165101** | **46439283** | **36587971** | **9851312** |
| 2 | 2014–15 | अपने साधनों से आय | 2261096 | 24547867 | 4219084 | 31028047 | 28389572 | 2638475 |
| | | अनुदानों से प्राप्त आय | 7590216 | 104315394 | – | 111905610 | 74096222 | 37809388 |
| | | **कुल** | **9851312** | **128863261** | **4219084** | **142933657** | **102485794** | **40447863** |

नगर परिषद की रोकड़ वही के अनुसार दिनांक 31.3.2015 को अन्तिम शेष ₹40344850 का दर्शाया गया था, जबकि रोकड़ वही के आय व व्यय की प्रविष्टियों के योगों के अनुसार तथा उपरोक्त वित्तीय स्थिति के अनुसार दिनांक 31.3.2015 को वास्तविक अन्तिम शेष निम्नविवरणानुसार ₹40447863 बनता है। इस प्रकार रोकड़ बही में ₹1,03,013 का अन्तर पाया गया। रोकड़ वही की इन त्रुटियों को ठीक करने के लिए अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 6, दिनांक 23.3.2016 द्वारा सूचित किया, जिसका समाधान अंकेक्षण के समापन तक नहीं किया गया था। अतः नगर परिषद की रोकड़ वही में योगों में पाई गई इन त्रुटियों का निवारण शीघ्र करवाया जाए और दिनांक 31.3.2015 के अन्तिम शेष को ठीक करते हुए आगामी वर्ष के बकाया को नियमानुसार ठीक किया जाए।

**Statement of irregularities found in the cash book of MC Rampur for the 4/13 to 3/15**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **Balance as per Cash book on 31.3.15** | | 40344850 |
| | The irregularties noticed during audit in the cash book | | |
| 1. | Less: the amount wrongly taken in excess in the total of 18.5.2013 | 1000 | |
| 2. | Less: the amount wrongly taken in excess in the total of 14.6.2013 | 783 | |
| 3. | Less: the anount wrongly taken in excess in the total of 29.7.2013 | 100 | |
| 4. | Less: the amount wrongly excess in the total of closing balance in the month of 31.3.2014 | 7 | |
| 5. | Less: the amount wrongly excess in the total of closing balance in the month of 31.3.2014 | 33 | |
| 6. | Less: the amount wrongly excess in the total of opening balance in the month of 1.5.2014 | 7 | |
| 7. | Less: the amount wrongly excess in the total of closing balance on 1.11.2014 | 500 | |
| 8. | less: the amount wrongly excess in the total of closing balance in the month of 31.3.2015 | 7695 | |
| | **Total** | **10125** | (-)**10125** |
| 1. | Add: The amount wrongly excess in the total of expenditure on 7.8.2013 | 783 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | Add: The amount wrongly less taken in receipt side of the total of 22.7.2014 | 48605 | |
| 3. | Add: The amount wrongly less taken in receipt side of the total in the month of 10/14 | 63710 | |
| 4. | Add: The amount wrongly less taken in receipt side of the total in the month of 8/15 | 40 | |
| | **Total** | **113138** | (+)**113138** |
| | **Actual Closing Bal of Cash Book on 31.3.2015** | | **40447863** |
| | **Closing Balance shown in the cash book by the MC on 31.3.2015** | | **40344850** |
| | **Difference in Closing Balance** | | (+)**103013** |

**(ii) Bank Reconcilation Statement of MC Rampur Distt. Shimla (H.P)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Balance as per cash book on 31-3-2015** | | | | **40344850** |
| Add | Paise of 0.62 showed in the bank accounts not entred in the cash book | | | (+)0.62 |
| Add | Cheques issued but not presented for payment | | | |
| | Ch. No. & Date | Name of Bank | Amount | |
| | 236430 of 5-3-15 | HDFC | 10000000 | |
| | 759610 of 7-7-14 | H.P. Co-operative bank Rampur | 2500 | |
| | 759613 of 24-7-14 | H.P. Co-operative bank Rampur | 2500 | |
| | 480532 of 1-10-14 | PNB | 6000 | |
| | 896467 of 27-1-15 | H.P. Co-operative bank Rampur | 2500 | |
| | 896498 of 5-3-15 | H.P. Co-operative bank Rampur | 3600 | |
| | 073261 of 9-3-15 | State bank of India | 9303 | |
| | 89648 of 13-2-15 | H.P. Co-operative bank | 10000 | |
| | | **Total** | 10036403 | (+)**10036403** |
| | Less: Ch. sent to bank but not credited | | | |
| | 375933 | on a/c of house tax from Sh. Narander Kumar | 51230 | |
| | 109340 | on a/c of lease of stall from smt. Uma Gupta | 10161 | |
| | 187560 | on a/c of lease of stall from Sh. Chman Sharma | 50820 | |
| | 407920 | on a/c of Service Charges from BSNL, Rampur | 38595 | |
| | 105258 | on a/c of lease of stall from Sh. Vir Singh | 144990 | |
| | | Difference during audit for the period 4/75 to 3/80 as mentioned in the previous audit report | 1001 | |
| | | | **296797** | (-)**296797** |
| | Less: interest given by PNB bank A/c No. 77292 on 31.3.15 but not entred in the cash book | | 86301 | (-)86301 |
| | Less: | Cash in Hand | 14478 | (-)14478 |
| | | | | **397576** |
| | | Closing balance as per bank | | **49983677.62** |

**(ख) दिनांक 31.3.2015 तक बैंकों तथा सावधि योजना में जमा राशियों का विवरण निम्न प्रकार से है।**

| क्र0 सं0 | बैंक का नाम | खाता सं0 | दिनांक 31.3.2015 तक शेष |
|---|---|---|---|
| 1 | भारतीय स्टैट बैंक | 11156829314 | 1293040.03 |
| 2 | भारतीय स्टैट बैंक, रामपुर (CC Account) | 34736375733 | 31796.00 |
| 3 | हि0प्र0 को–ओपरेटिव बैंक, रामपुर | 5226 | 2336578.00 |
| 4 | पंजाब नैशनल बैंक, रामपुर | 09430001000–77292 | 2358241.39 |
| 5 | कैनरा बैंक, रामपुर | 324101000097 | 379952.00 |
| 6 | एच0डी0एफ0सी0 बैंक, रामपुर | 80514500045 | 10935720.20 |
| 7 | आई0सी0आई0सी0 बैंक, रामपुर (CC Account) | 162605000045 | 414564.00 |
| | | **योग** | **17749891.62** |
| **सावधि योजना में जमा राशि का विवरण** | | | |
| 1 | हि0प्र0 को–ओपरेटिव बैंक, रामपुर | 687972 | 1750170.00 |
| 2 | सैंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, रामपुर | 310521 | 1301143.00 |
| 3 | एच0डी0एफ0सी0 बैंक, रामपुर | | 1182473.00 |
| 4 | पी0एन0बी0 बैंक, रामपुर | | 10000000.00 |
| 5 | पी0एन0बी0 बैंक, रामपुर | | 5000000.00 |
| 6 | हि0प्र0 को–ओपरेटिव बैंक, रामपुर | | 6000000.00 |
| 7 | हि0प्र0 को–ओपरेटिव बैंक, रामपुर | | 2000000.00 |
| 8 | कैनरा बैंक, रामपुर | | 5000000.00 |
| | | **योग** | **32233786.00** |
| | | **कुल योग** | **₹49983677.62** |

## 5 निवेश

(क) नगर परिषद रामपुर ने अवधि 31.3.2015 तक सावधि जमा के अन्तर्गत विभिन्न–विभिन्न बैंकों में निवेश किया था, जिसका विवरण **परिशिष्ट–'क'** में संलग्न है।

### (ख) सावधि जमा में निवेष राशियों पर अर्जित ब्याज में ₹2.60 लाख की कम प्राप्ति करना

नगर परिषद द्वारा समय–समय पर सावधि जमा योजना के अन्तर्गत विभिन्न–विभिन्न बैंकों में राशियों का निवेश किया गया। वर्ष 2013–14 व वर्ष 2014–15 में सावधि में निवेशित राशियों से सम्बन्धित अभिलेखों की जांच करने पर पाया गया कि परिषद द्वारा विभिन्न बैंकों में निवेश की राशियों की परिपक्व तिथि में जो परिपक्व राशि बनती थी, सम्बन्धित बैंकों द्वारा उससे कम राशि का भुगतान किया गया है। इस प्रकरण में बैंकों द्वारा एफ0डी0आर0 में निवेशित राशियों पर जितना ब्याज बनता था, उससे कम ब्याज दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप नगर परिषद को बैंकों से ब्याज में ₹260400 कम आय प्राप्त हुई, जिसका विवरण **परिशिष्ट–'ख'** में संलग्न है। इस सन्दर्भ में ब्याज की कम प्राप्ति की वसूली बैंकों से करने बारे कार्यकारी अधिकारी को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 2, दिनांक 17.3.2016 द्वारा अवगत करवाया गया, जिसके उतर में कार्यकारी अधिकारी द्वारा परिषद ने अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि यह मामला सम्बन्धित बैंकों से उठाया गया है, जैसे ही कम ब्याज की प्राप्ति हो जाएगी उससे अंकेक्षण को

अवगत करवाया दिया जाएगा। अतः नगर परिषद रामपुर द्वारा इस ब्याज की प्राप्ति हेतु अविलम्ब अपेक्षित कार्रवाई करके ब्याज के रूप में कम प्राप्त की गई ₹260400 की शीघ्र वसूली की जाए और अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 6 अनुदान

**(क)** कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद रामपुर द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई अनुदानों से प्राप्तियों तथा व्यय का विवरण अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट–'ग–1 से ग–5'** पर संलग्न है।

**(ख) पूर्ववर्ती अवधि के दौरान शेष अनुदानों के बारे में**

दिनांक 31.3.2013 को अनुदान के रूप में ₹522785 बकाया थी, जिसका विवरण **परिशिष्ट–'ग–1'** तथा **'ग–3'** में दिया गया है। उपरोक्त **'ग–3'** के अवलोकन पर पाया गया कि वर्तमान अंकेक्षण अवधि के दौरान उक्त लम्बित अनुदानों में से अधिकतर अनुदान का उपयोग कर लिया गया था, परन्तु शीर्ष आर0जी0यू0एफ0 में प्राप्त अनुदान की ₹73000 का अंकेक्षण अवधि तक भी व्यय नहीं किया गया और न ही इस राशि को सम्बन्धित विभाग को वापिस किया। अतः इस अनुदान को जिस उद्धेश्य हेतु प्राप्त किया गया था, उस उद्धेश्य में व्यय न करने के बारे में स्थिति स्पष्ट की जाए और इस अनुदान को या तो शीघ्र उसी उद्धेश्य के लिए व्यय किया जाए अन्यथा इसको सम्बन्धित विभाग को वापस लौटाया जाए।

**(ग)** निदेशक शहरी विकास शिमला द्वारा नगर परिषद रामपुर को पत्र संख्याः यू0डी0 (एच0)(सी0)(10)10/90–311–323, दिनांक 3.4.2014 द्वारा यू0आई0डी0एस0एस0एम0टी0 योजना के अन्तर्गत कई प्रयोजनाओं जैसे कि पानी आपूर्ति, सिवरेज तथा रोड़ स्ट्रीट नेटवर्कस के लिए ₹861.23 लाख जारी की गई थी। इस अनुदान की राशि में से ₹600 लाख का अधिशासी अभियन्ता आई0पी0एच0 डिवीजन रामपुर को स्कीम को शुरू करने के लिए भुगतान कर दिया, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है।

| जिसको भुगतान किया | वा0 सं0 | दिनांक | राशि |
|---|---|---|---|
| अधिशासी अभियन्ता, आई0पी0एच0 डिवीजन रामपुर, जिला शिमला हि0प्र0 | 836 | 9.3.15 | 1,00,00,000 |
| –यथोपरि– | 1007 | 13.2.15 | 3,00,00,000 |
| –यथोपरि– | 1070 | 5.3.15 | 2,00,00,000 |
| | | **कुल भुगतान** | **6,00,00,000** |

इन खातों के टैस्ट चैक के दौरान पाया गया कि नगर परिषद द्वारा उक्त सारी अनुदान की राशि को सावधि जमा योजमा के अन्तर्गत विभिन्न बैंकों में एक महीने की अवधि से 24 महीने तक की अवधि

के लिए समय–समय पर निवेश किया गया तथा जो भुगतान एक मुश्त में सम्बन्धित विभाग को करना था, उसका भुगतान समय पर नहीं किया और इस अनुदान की राशि को सावधि योजना में रखकर उस पर ब्याज प्राप्त किया गया। इसके पश्चात भी नगर परिषद द्वारा इस अनुदान की राशि का भुगतान सम्बन्धित विभाग को एवं मुश्त में न करके निम्न विवरणानुसार किया गया तथा ₹264 लाख को दिनांक 31.3.2015 तक भी सावधि योजना में रखकर उस पर ब्याज औसत किया जा रहा था।

| **बैंक का नाम** | **एफ0डी0आर0 नं0** | **निवेश करने की तिथि** | **निवेश की राशि** | **परिपक्व तिथि** | **ब्याज की दर** | **ब्याज की राशि** | **परिपक्व राशि** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी0एन0बी0 | 903602860 | 4.8.14 | 10000000 | 4.8.15 | 9% | 930833 | 10930833 |
| पी0एन0बी0 | 43130102789 | 5.4.15 | 5000000 | 29.7.15 | 7% | 115069 | 5115069 |
| हि0प्र0 को–ओपरेटिव बैंक, रामपुर | 324130100015 | 20.6.15 | 6206784 | 5.8.15 | 7% | 52800 | 6259584 |
| कैनरा बैंक | | 4.6.15 | 5175552 | 20.7.15 | 7% | 42397 | 5217949 |
| | **योग** | | **26382336** | | | **1141099** | **27523435** |

अतः रामपुर शहर के लिए पानी की सप्लाई, सीवरेज तथा स्ट्रीट इत्यादि का कार्य शीघ्र पूर्ण करवाकर तदानुसार शेष राशि का भुगतान सम्बन्धित विभाग को किया जाए और अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(घ)** संलग्न **परिशिष्ट– 'ग–3 से 'ग–5'** के अनुसार नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान प्राप्त अनुदान की राशियों के उपयोग से सम्बन्धित उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभागों को जारी नहीं किए गए थे। अतः अवधि 2013–14 तथा 2014–15 में व्यय की गई अनुदानों की राशियां के उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभागों को शीघ्र जारी किए जाने सुनिश्चित किए जाएं और अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(ड.)** नगर परिषद रामपुर को शहर में कार पार्किंग के निर्माण के लिए वर्ष 2013–14 में ₹5867143 तथा वर्ष 2014–15 में ₹3900000 प्राप्त हुई थी, जिसमें से ₹4000000 का भुगतान कार पार्किंग के निर्माण के लिए अधिशासी अभियन्ता, रामपुर डिवीजन हि0प्र0 लोक निर्माण विभाग को दिनांक 5.10.2013 को किया गया था परन्तु लगभग तीन साल बीत जाने पर भी शहर में कार पार्किंग का निर्माण कार्य शुरू नही हुआ, जिसके फलस्वरूप शहरवासियों तथा अन्य शहर में आने वाले लोगों को पार्किंग की सुविधा से वन्चित रहना पड़ा और इससे नगर परिषद को जो आय प्राप्त होनी थी, उससे भी नगर परिषद को वन्चित रहना पड़ा। अतः कार पार्किंग का निर्माण शीघ्र करवाने के लिए मामला हि0प्र0 लोक निर्माण से उठाया जाए, ताकि इसका शीघ्र निर्माण हो सके तथा लोगों को शहर में पार्किंग की सुविधा प्राप्त हो

सके और नगर परिषद की वित्तीय स्थिति और सुदृढ़ हो सके। इस सन्दर्भ में अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 7 गृहकर की वसूली से सम्बन्धित अनियमितताएं

### (क) प्रभावहीन अनुश्रवण के कारण गृहकर के रूप में ₹74.32 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना

नगर परिषद रामपुर के गृहकर से सम्बन्धित अभिलेखों की जाँच के दौरान पाया गया कि दिनांक 31.3.2015 को गृहकर के रूप में ₹7432106 वसूली हेतु शेष थी, जबकि हि0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 258 में दिए प्रावधान के अनुसार इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन या द्वारा इस अध्याय में उपबन्धित रीति से राशि की वसूली की जा सकती थी। इस अधिनियम या तदधीन बनाए गए किन्हीं नियमों या विनियमों के अधीन नगरपालिका को देय फीस या अन्य राशि देय है, अथवा देय होने के पन्द्रह दिन के पश्चात भी अंसदत्त रहती है अथवा यदि कोई राशि संदेय हो गई है तो यथास्थिति, कार्यपालक अधिकारी या सचिव या उस द्वारा इस निमित सम्पर्क रूप से लिखित रूप में प्राधिकृत कोई अधिकारी (जिसे इसके पश्चात प्राधिकृत अधिकारी निर्दिष्ट किया गया है), ऐसी राशि को संदत्त के लिए की किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को विहित प्रपत्र में लिखित नोटिस की तामील कर सकेगा। यदि ऐसा व्यक्ति उसे दिए गए मांग नोटिस की तामील से पन्द्रह दिन के भीतर देय राशि की संदत्त नहीं करता है या कार्यपालक अधिकारी या सचिव के समक्ष प्रद रूप में कारण नहीं बताता है कि ऐसी राशि जो संदत्त नहीं की गई, कार्यपालक अधिकारी या सचिव सम्बन्धित व्यक्ति की सम्पत्ति की विक्रय द्वारा सभी लागतों सहित ऐसी राशि को वसूल कर सकेगा तथा इस अधिनियम के अधीन उप धारा–(6) नगर पालिका को देय कोई राशि संग्रहण के किसी ढ़ंग पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूलीय होगी, जबकि नगर परिषद द्वारा वर्ष 2013–14 में कुल मांग ₹102.72 लाख के विरूद्ध केवल मात्र ₹31.84 लाख और वर्ष 2014–15 में कूल मांग ₹116.27 के विरूद्ध केवल मात्र ₹41.41 लाख की वसूली की, जिसका पूर्ण विवरण निम्न प्रकार से है।

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष | मांग | कुल मांग | वसूली/प्राप्ति | छूट | अन्तशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2013–14 | 5899836 | 4372352 | 10272188 | 3183785 | 29420 | 7058983 |
| 2014–15 | 7058983 | 4568041 | 11627024 | 4141290 | 53628 | 7432106 |

अतः ऐसा प्रतीत होता है कि नगर परिषद द्वारा गृहकर की वसूली के लिए नगरपालिका अधिनियम, 1994 की धारा 258 के अन्तर्गत कार्रवाई नहीं की गई है और न ही नगर परिषद रामपुर द्वारा अपने आय के स्त्रोत को बढ़ाने के लिए गम्भीर प्रयास किए गए हैं। इस सन्दर्भ में नगर परिषद को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 1, दिनांक 17.3.2016 द्वारा गृहकर की वसूली के बारे लिखा था, जिसके सन्दर्भ में कार्यकारी अधिकारी द्वारा अंकेक्षण को यह जानकारी दी कि गृहकर की वसूली के लिए करदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। अतः नगर परिषद द्वारा गृहकर की बकाया वसूली हेतु

नगरपालिका अधिनियम, 1994 की धारा 258 के तहत शीघ्र कार्रवाई अमल में लाई जाए एवं गृहकर की अधिक से अधिक वसूली की जाए तथा अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(ख) गृहकर की दर में नियमानुसार संशोधन/वृद्धि न करने पर गृहकर की ₹18.31 लाख की कम वसूली करना**

निदेशक शहरी विकास के पत्र संख्याः यू0डी0(एच0)(सी0)(10)(7)/98–ii, दिनांक 17.11.2013 द्वारा सभी स्थानीय निकायों को सूचना भेजी गई थी कि वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार गृहकर की दर में हर वर्ष प्रतिशतत्ता के आधार पर बढ़ौतरी करके वर्ष 2006–07 से 12.5% की दर से गृहकर अधोरोपित करके वसूली करनी अपेक्षित है, जबकि नगर परिषद रामपुर द्वारा वर्ष 2013–14 तथा 2014–15 में 10% की दर से ही गृहकर अधिरोपित किया जा रहा है, जोकि वित्त आयोग की सिफारिशों की अवहेलना है। इस प्रकार नगर परिषद द्वारा वर्ष 2013–14 व वर्ष 2014–15 में गृहकर की ₹1831269 की कम वसूली की गई, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है।

| वर्ष | 10% के हिसाब से कुल मांग | जितनी गृहकर मांग 12.5% के हिसाब से करनी थी | कम मांग |
|---|---|---|---|
| 2013–14 | 3183785 | 3979731 | 795946 |
| 2014–15 | 4141290 | 5176613 | 1035323 |
| | | **कुल कम मांग** | **1831269** |

इस सन्दर्भ में नगर परिषद को अंकेक्षण अधियाचना द्वारा स्थिति स्पष्ट करने को कहा था, जिसके सन्दर्भ में कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद ने जवाब में यह लिखा कि संशोधित दर नगर परिषद के सदस्यों की स्वीकृति के उपरान्त ही अधोरोपित की जा सकती है, जबकि उनके द्वारा इनका अनुमोदन नहीं किया गया। अतः यह मामला निदेशक शहरी विकास के ध्यानार्थ लाया जाता है, ताकि इस पर शीघ्र कार्यवाही की जाए तथा गृहकर की संषोधित एवं बढ़ी हुई दरों से वसूली करके नगर परिषद की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ हो सके और शहरवासियों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान हो सके।

## 8 नगर परिषद द्वारा दुकानों के किराये एवं लीज की बकाया ₹2325401 का वसूली हेतु शेष पाया जाना

नगर परिषद द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना/अभिलेख, जोकि **परिशिष्ट–घ** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31.3.2015 तक नगर परिषद की दुकानों के किराये तथा लीज की ₹2325401 वसूली हेतु शेष थी, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है।

| क्र0 सं0 | शीर्ष | दिनांक 31.3.2015 को बकाया राशि ₹ में |
|---|---|---|
| 1 | दुकानों का किराया | 1237221 |
| 2 | दुकानों की लीज | 1088180 |
| | **कुल बकाया** | **2325401** |

ऐसा प्रतीत होता है कि नगर परिषद द्वारा दुकानों के किराये तथा लीज की वसूली नियमानुसार नहीं की जा रही, जबकि हि0प्र0 नगरपालिका अधिनियम, 1994 की धारा 258(1)(ख)(2) में प्रावधान है कि कोई भी राशि जो नगरपालिका के देय है तथा उक्त देयता के पन्द्रह दिनों बाद तक भुगतान हेतु शेष रहती है, तो कार्यकारी अधिकारी/सचिव सम्बन्धित व्यक्तियों के मांग हेतु चेतावनी जारी कर सकता है। अधिनियम में यह भी प्रावधान है कि वसूली के लिए देय किसी भी तरह की राशि, संग्रहण के किसी अन्य रूप के पूर्वाग्रह बिना, भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूल की जाएगी। इसके साथ–साथ निदेशक शहरी विकास विभाग (हि0प्र0) के पत्र संख्याः यू0एल0बी0–एच0(ए0)–1/1987–9237–9284, दिनांक 20.6. 2001 के अन्तर्गत भी गृहकर तथा अन्य करों की 100% वसूली करने के निर्देश दिए गए थे तथा विफलता पर सम्बन्धित कार्यकारी अधिकारी को उत्तरदायी ठहराया जाना था, जबकि नगर परिषद द्वारा बकाया किराये तथा पटटे की वसूली के लिए उक्त नियमों के अन्तर्गत कार्रवाई नहीं की गई, जिस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 4, दिनांक 19.3.2016 द्वारा नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को सूचित किया गया था कि किराये तथा पटटे की वसूली न करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए, जिस सन्दर्भ में उनके द्वारा दिया गया जवाब संतोषजनक नहीं है। अतः उक्त बकाया किराये एवं लीज़ की वसूली हेतु ठोस कार्यवाई नियमानुसार की जाए और अधिक से अधिक राशि की वसूली की जाए तथा कृत कार्रवाई से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 9 किरायेदारों से सेवा शुल्क की वसूली न करके नगर परिषद द्वारा निधि से सेवा कर शुल्क की ₹21.16 लाख का अनियमित भुगतान करना

नगर परिषद द्वारा अपनी दुकानों को किराये तथा लीज के आधार पर आवंटित किया गया था तथा उन दुकानदारों से केवल किराये की ही वसूली की जा रही थी, जबकि Finance Act, 1994 की धारा 65(909) तथा धारा 65(105)(zzzz) of के अनुसार “Taxable service means any service provided or to be provided to any person, by any other person, by renting of immovable property or any other service in relation to such renting, for use in the course of or for fortherance of business or commece”। इस प्रकार सभी किरायेदारों से किराये के साथ सेवा कर की वसूली की जानी चाहिए थी, जबकि नगर परिषद द्वारा किरायेदारों से सेवा कर की वसूली न करके Addtitional Commissioner, Central Excise and Service Taxe, Chandigrah को उनके द्वारा दिए सेवा कर जमा करने के नोटिस पर अवधि 10/2007 से 3/2015 तक का सेवा कर परिषद निधि से जमा किया, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है।

| अवधि | प्राप्त किराया और लीज राशि | सेवा कर शुल्क की राशि | विवरण जितनी राशि जिन–जिन शीर्ष में जमा की | | जिस स्त्रोत द्वारा जमा की |
|---|---|---|---|---|---|
| 10/07 से 3/13 | 9796926 | 1210900 | 1175631 | सेवा कर शीर्ष में | e-banking cc A/c No. 34736375733 Dt. 16.3.2015 |
| | | | 23513 | एजुकेशन सेस | |
| | | | 11756 | Secondary & Higher Education Charges | |
| 4/13 से 3/14 | 3961164 | 489600 | 475340 | सेवा कर | e-banking cc A/c No. 34736375733 Dt. 16.3.2015 |
| | | | 9507 | एजुकेशन सेस | |
| | | | 4753 | Secondary & Higher Education Charges | |
| 4/14 से 3/15 | 3358909 | 415161 | 403069 | सेवा कर | e-banking cc A/c No. 34736375733 Dt. 9.12.2015 |
| | | | 8061 | एजुकेशन सेस | |
| | | | 4031 | Secondary & Higher Education Charges | |

इस प्रकार नगर परिषद द्वारा जो सेवाकर की वसूली किरायेदारों एवं लीज होल्डरों से करनी थी, उसकी वसूली न करके यह राशि परिषद निधि से जमा करवाई गई। उपरोक्त सेवाकर की वसूली किरायेदारों तथा लीज होल्डरों से न करने बारे स्थिति स्पष्ट करने के लिए अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 11, दिनांक 2.5.2016 द्वारा लिखा गया था, जिसके सन्दर्भ में कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद ने अंकेक्षण को अवगत करवाया कि आयुक्त, केन्द्रीय उत्पादक शुल्क एवं सेवाकर विभाग द्वारा नगर परिषद रामपुर को वर्ष 2007 में सेवाकर शुल्क जमा करने का नोटिस जारी किया था, जिसके कारण ₹2115661 जमा की गई। यदि यह राशि समय पर जमा न होती, तो नगर परिषद को पैनल्टी व ब्याज सहित राशि का दोगुना भुगतान करना पड़ता। उनके द्वारा यह भी सूचित किया गया कि उक्त भुगतान किए सेवा शुल्क से लगभग ₹100000 की वसूली किरायेदारों हो चुकी है तथा अन्य किरायेदारों से राशि की वसूली हेतु उनको नोटिस जारी किए जा रहे हैं। अतः उक्त दिए उत्तर को मददेनजर रखते हुए सुझाव दिया जाता है कि इस किए भुगतान की राशि की वसूली हेतु कारगर कार्रवाई अमल में लाई जाए और भविष्य में किरायेदारों से किराये के साथ सेवाकर शुल्क लगाकर बिल जारी करके वसूली की जानी सुनिश्चित की जाए और की गई कार्रवाई से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 10 तहबाजारी फीस की बकाया ₹0.47 लाख की वसूली न करने बारे

नगर परिषद रामपुर द्वारा वार्ड नंबर 3 में बस स्टैंड के नजदीक सड़क किनारे बैठने वाले लोगों को अपनी अजीविका चलाने के लिए तहबाजारी के अन्तर्गत ₹300 प्रति माह के हिसाब से चारपाई लगाने की जगह एक स्थल पर दी। इससे सम्बन्धित अभिलेखों की जांच करने पर पाया गया कि नगर परिषद द्वारा इन तहबाजारी वालों से तहबाजारी की वसूली नियमित रूप से नहीं की जा रही थी, जिसके फलस्वरूप दिनांक 31.3.2015 तक तहबाजारी शुल्क की ₹47400 वसूली योग्य शेष थी, जिसका विवरण **परिषिष्ट–'ड़'** पर संलग्न है। उक्त बकाया तहबाजारी की बकाया वसूली के बारे में नगर परिषद को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 5, दिनांक 23.3.2016 द्वारा स्पष्टीकरण देने बारे लिखा गया था, जिस सन्दर्भ में कार्यकारी अधिकारी ने अंकेक्षण को अवगत करवाया कि तहबाजारी की बकाया वसूली हेतु अपेक्षित कार्रवाई की जा रही है। अतः तहबाजारी की बकाया राशि की वसूली हेतु शीघ्र नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा की गई कार्रवाई तथा वसूली से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 11 मोबाईल टावरों की स्थापना/नवीनीकरण प्रभारों की ₹0.89 लाख की वसूली न करना

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि रामपुर शहर में चार मोबाईल कम्पनियों के 5 मोबाईल टावर स्थापित हैं और हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्याः यू0डी0एच0ए0(7)–1/2006–10396– 10444, दिनांक के अनुसार स्थानीय निकाये सीमा के अन्दर लगाए गए टावरों की कम्पनियों से ₹10000 स्थापना शुल्क तथा प्रति टावर ₹5000 की दर से नवीनीकरण शुल्क के रूप में स्थानीय निकाये द्वारा प्राप्त किए जाने का प्रावधान है तथा इसके साथ जिन–जिन कम्पनियों के टावर पांच साल तक स्थापित रहते हैं उनसे हर पांच वर्ष के पश्चात 25% नवीनीकरण शुल्क में वृद्धि करके शुल्क की राशि को वसूली किए जाने का प्रावधान है। अभिलेखों की जांच पर पाया गया कि नगर परिषद द्वारा सम्बन्धित मोबाईल कम्पनियों से समय पर नवीनीकरण शुल्क की वसूली नहीं की जा रही है, जिसके फलस्वरूप दिनांक 31.3.2015 तक नगर परिषद द्वारा मोबाईल कम्पनियों से ₹88750 की वसूली करनी शेष थी, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है तथा जिसका विस्तृत विवरण **परिषिष्ट–'ड.'** पर भी दिया गया है।

| क्र0 सं0 | कम्पनी का नाम | टावरों की सं0 | दिनांक 31.3.2015 तक फीस नवीनीकरण की बकाया वसूली |
|---|---|---|---|
| 1 | बी0एस0एन0एल0 | 2 नं0 | 65000 |
| 2 | रिलाइन्स कम्पनी | 1 नं0 | 17500 |
| 3 | टाटा इण्डीकोम | 1 नं0 | 6250 |
| | | **कुल बकाया** | **88750** |

इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना द्वारा कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद रामपुर को लिखा गया था, जिसके सन्दर्भ में कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद ने उत्तर में लिखा कि टावरों की नवीनीकरण की वसूली समय पर इसलिए नहीं हो रही है क्योंकि इसमें अधिभार Surcharge का कोई भी प्रावधान नहीं है।

अतः नगर परिषद द्वारा नवीनीकरण शुल्क की बकाया ₹88750 की वसूली के लिए कम्पनियों पर शीघ्र अपेक्षित कार्रवाई की जाए, ताकि बकाया नवीनीकरण की वसूली शीघ्र हो सके।

## 12 आय के अन्य शीर्षकों के अन्तर्गत ₹2.66 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना

नगर परिषद द्वारा उपलब्ध करवाई सूचना/अभिलेख अनुसार दिनांक 31.3.2015 तक निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत ₹265732 की वसूली हेतु शेष थी।

| क्र0 सं0 | शीर्ष | दिनांक 31.3.2013 को बकाया राशि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1 | लवी मेले में दिए स्टॉलों का किराया | 156864 | **परिशिष्ट–'ड़–1'** |
| 2 | पालतू कुत्ताकर | 3950 | |
| 3 | साईन बोर्ड (विज्ञापन) | 104918 | |
| | **कुल योग** | **265732** | |

उपरोक्त विवरण के अवलोकन से प्रतीत होता है कि सम्बन्धित कार्यकारी अधिकारी द्वारा नगरपालिका अधिनियम, 1994 में दिए प्रावधानों की अनुपालना नहीं की जा रही है। इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 5, दिनांक 23.3.2016 द्वारा उक्त शीर्ष में बकाया राशि की वसूली न होने के बारे में स्थिति स्पष्ट करने को कहा था, परन्तु नगर परिषद द्वारा इस सन्दर्भ में कोई कार्रवाई नहीं की गई। अतः इन बकाया राशियों की वसूली हेतु कारगर पग उठाए जाएं और राशियों की वसूली शीघ्र करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दिखाई जानी सुनिश्चित की जाए।

## 13 लकड़ी (बालन) की ₹9200 की वसूली न करने बारे

नगर परिषद के लकड़ी (बालन) के स्टॉक रजिस्टर में की लकड़ी (बालन) जारी करने से सम्बन्धित की गई प्रविष्टियों की जाँच के दौरान पाया गया कि नगर परिषद द्वारा उपण्डलाधिकारी अधिकारी रामपुर को 16 क्विंटल लकड़ी बिल द्वारा जारी की गई थी, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है।

| लकड़ी/बालन जितना जारी किया का ब्यौरा | बिल सं0 | दिनांक | राशि |
|---|---|---|---|
| 4 क्विंटल | 242 | 26.12.14 | 2300 |
| 4 क्विंटल | 243 | 3.2.15 | 2300 |
| 4 क्विंटल | 244 | 23.2.15 | 2300 |
| 4 क्विंटल | 245 | 23.2.15 | 2300 |
| | | **कुल राशि** | **9200** |

इस सन्दर्भ में अभिलेखों/स्टॉक रजिस्टर में उक्त वर्णित बिलों की ₹9200 की वसूली से सम्बन्धित कोई भी विवरण स्टॉक रजिस्टर में नहीं पाया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि ₹9200 की वसूली अभी तक करनी बकाया है। अतः यदि नगर परिषद द्वारा इस राशि की वसूली कर ली गई थी, तो इस सम्बन्ध में सम्बन्धित रसीदें प्रस्तुत की जाएं और इसकी पुष्टि रोकड़ वही से करवाई जाए और यदि इस

राशि की वसूली करनी बकाया है तो इसकी वसूली न करने के बारे में स्थिति स्पष्ट की जाए और इसकी वसूली शीघ्र कर अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 14 रैन बसेरा के किराये की वसूली से सम्बन्धित अनियमितता

### (क) रैन बसेरा के हाल के किराये की बकाया ₹0.69 की वसूली न करना

नगर परिषद द्वारा नीलामी द्वारा उच्चतम बोली के आधार पर श्री आशीष कष्यप, सुपुत्र श्री रमेष कुमार को दिनांक 1.9.2013 से रैन बसेरा का हाल ₹13500 प्रति माह की दर से किराये पर दिया गया। इस सन्दर्भ में अभिलेखों की जांच करने पर तथा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 12, दिनांक 6.5.2016 द्वारा मांगी गई सूचना के आधार पर नगर परिषद के पत्र संख्याः 2728, दिनांक 11.5.2016 द्वारा अवगत करवाया कि नगर परिषद द्वारा उपरोक्त किरायेदार से अवधि 1.9.2013 से 31.3.2015 तक निर्धारित किराये की ₹256500 में से ₹188000 की वसूली की गई है और इस प्रकार किराये के रूप में ₹68500 की वसूली की जानी बकाया थी, जबकि इकरारनामा की शर्त–3 में स्पष्ट है कि किरायेदार हर माह किराया नगर परिषद में अग्रिम रूप से जमा करवाएगा। इस प्रकार किरायेदार द्वारा इकरारनामा की शर्त की अवहेलना की गई और दिनांक 31.3.2015 तक किराये की बकाया ₹68500 की वसूली करनी शेष थी, जिसकी वसूली करने हेतु नगर परिषद कार्रवाई अमल में लाए और अनुपालना आगामी अंकेक्षण के दौरान दिखाई जानी सुनिश्चित की जाए।

**(ख)** इसके अतिरिक्त नगर परिषद द्वारा श्री आशीष कश्यप सुपुत्र श्री रमेश कुमार से प्रतिमाह ₹1000 बिजली/पानी की वसूली करने का प्रावधान किया था और दिनांक 1.2.2014 से किरायेदार द्वारा अपना मीटर लगवाने का प्रस्ताव दिनांक 26.10.2013 को पारित किया था, जबकि श्री आशीष कश्यप द्वारा न तो अभी तक अपना बिजली/पानी का कनैक्षन लिया गया और न ही हर माह ₹1000 प्रति माह की दर से बिजली तथा पानी के चार्जिज को नगर परिषद में जमा कर रहा है। अभिलेखों के अनुसार किरायेदार द्वारा अवधि 1.9.2013 से 31.3.2015 तक केवल पानी/बिजली के चार्जिज के रूप में ₹6000 ही जमा की गई थी तथा शेष ₹13000 की वसूली की जानी बकाया थी, जिसके बारे में स्थिति स्पष्ट की जाए और इस बकाया राशि की वसूली शीघ्र करके नगर परिषद निधि में जमा की जाए और अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(ग)** नगर परिषद के अवधि 4/13 से 3/15 के लेखों के अंकेक्षण के दौरान नगर परिषद को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 12, दिनांक 6.5.2016 द्वारा रैन बसेरा तथा नगर परिषद कार्यालय भवन की ऊपरी मंजिल के हाल और रैन बसेरा के कमरों से प्राप्त होने वाली आय से सम्बन्धित अभिलेखों को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया था, परन्तु अंकेक्षण समापन तक उक्त साधनों से प्राप्त होने वाली आय से सम्बन्धित अभिलेखों को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः उक्त अभिलेखों को अंकेक्षण में

प्रस्तुत न करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए और आगामी अंकेक्षण के दौरान इन अभिलेखों को दिखाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 15 नवनिर्मित भवनों के लिए पानी एवं बिजली के कनैक्शन के लिए जारी अनापति प्रमाण पत्र से सम्बन्धित अभिलेखों को प्रस्तुत न करने बारे

नगरपालिका अधिनियम, 1994 की धारा 210 में स्पष्ट है कि प्रत्येक व्यक्ति भवन के पूर्णतः या अंशतः निर्माण की पूर्णता के पश्चात एक मास के भीतर कार्यकारी अधिकारी को इस बारे बनाई गई उपविधियों द्वारा विहित प्रारूप में प्रमाण पत्र के साथ ऐसी पूर्णता या पूर्णता के भाग के बारे में लिखित नोटिस द्वारा सूचना प्रदत्त करेगा या भेजेगा या प्रदत्त करवाएगा या भिजवाएगा और ऐसे भवन या उसके किसी भाग के निरीक्षण के लिए सभी आवश्यक औपचारिक्ताऐं कार्यकारी अधिकारी को उपलब्ध करवाएगा। उक्त के साथ–साथ कार्यकारी अधिकारी द्वारा नवनिर्मित भवन को पानी एवं बिजली के कनैक्शन के लिए अनापति प्रमाण पत्र जारी करने से पूर्व समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करवा लेनी चाहिए, जैसे कि भवन के निर्माण के अनुमोदित नक्षे की प्रति, नवीनतम जमा बन्दी, पटवारी की रिपोर्ट तथा स्थानीय निकाये के तकनीकी स्टॉफ से भवन की पूर्ण रिपोर्ट इत्यादि। नगर परिषद के Ledger में House Plan Approval. Fee A/c के अन्तर्गत वर्ष 2013–14 में ₹408607 तथा वर्ष 2014–15 में ₹138654 की प्राप्ति हुई। अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 14, दिनांक 17.5.2016 द्वारा इससे सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा कि चयनित माह 11/13 तथा 11/14 में कितने भवनों के नकशे पारित किए और इससे कितनी आय प्राप्त हुई तथा कितने भवनों को पानी एवं बिजली के लिए अनापति प्रमाण पत्र जारी किए तथा कितनी आय प्राप्त हुई, परन्तु नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण को इससे सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए। अतः अंकेक्षण में अभिलेखों को प्रस्तुत न करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए और इससे सम्बन्धित अभिलेखों को आगामी अंकेक्षण में दिखाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 16 बिजली शुल्क के रूप में ₹0.38 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना

हिमाचल प्रदेष सरकार के पत्र संख्याः एल0एस0जी0–डी0(1)–9/1994, दिनांक 24.6.2000 के अनुसार नगर परिषद क्षेत्र में उपयोग की जानी वाली बिजली की एक पैसा प्रति यूनिट की दर से नगर परिषद को बिजली शुल्क की प्राप्ति होनी चाहिए थी। इस सन्दर्भ में प्राप्त सूचना के अनुसार विद्युत विभाग से वर्ष 2014 में ₹62788 तथा वर्ष 2015 में ₹54019 की मांग "Assess" की गई थी जिसका विवरण निम्न प्रकार से है।

| Month | Units | Assesed | Month | Units | Assesed |
|---|---|---|---|---|---|
| 4/13 | 466000 | 4660 | 4/14 | 344600 | 3446 |
| 5/13 | 694500 | 6945 | 5/14 | 392600 | 3926 |
| 6/13 | 360600 | 3606 | 6/14 | 487200 | 4872 |
| 7/13 | 477560 | 4775 | 7/14 | 454700 | 4547 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8/13 | 353600 | 3536 | 8/14 | 461700 | 4647 |
| 9/13 | 607600 | 6076 | 9/14 | 396800 | 3967 |
| 10/13 | 455900 | 4559 | 10/14 | 424800 | 4248 |
| 11/13 | 411800 | 4118 | 11/14 | 226900 | 2269 |
| 12/13 | 611000 | 6110 | 12/14 | 439200 | 4392 |
| 1/14 | 715600 | 7153 | 1/15 | 625500 | 6255 |
| 2/14 | 548200 | 5482 | 2/15 | 690700 | 6907 |
| 3/14 | 576500 | 5765 | 3/15 | 557200 | 5572 |

अभिलेखों की पड़ताल पर पाया गया कि अवधि 31.3.2015 तक ₹38228 प्राप्त की जानी शेष थी, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है।

| वर्ष | दिनांक 31.3.13 को जो बकाया में थे | वर्ष के दौरान जो प्राप्त होने थे | कुल | वर्ष के दौरान जितनी राशि प्राप्त की | बकाया |
|---|---|---|---|---|---|
| 2013—14 | 59360 | 62788 | 122148 | 97635 | 24513 |
| 2014—15 | 24513 | 54019 | 78532 | 40304 | 38228 |

अतः नगर परिषद द्वारा अपने अभिलेखों का मिलान विद्युत विभाग के अभिलेखों से करके बकाया ₹38228 की वसूली करनी सुनिश्चित की जाए और आगामी अंकेक्षण के दौरान दिखाई जाए।

## 17 लवी मेले के दौरान किराये पर ली टैक्सी के किराये की ₹0.22 लाख को सत्यापित (Verified) किए बिना ही भुगतान करने बारे

नगर परिषद द्वारा कोटेशनें आमन्त्रित करके लवी मेले के दौरान दिनांक 8.11.2014 से 19.11. 2014 तक मेले के प्रबन्ध/देख—रेख के लिए न्यूनतम दर वाली फर्म प्रेम टूयर एवं ट्रेवलस रामपुर बुशैहर जिला शिमला से ₹1850 प्रति दिन की दर से टैक्सी किराये पर ली गई और जिसका भुगतान फर्म को वाउचर संख्याः 759, दिनांक 4.12.2014 को ₹22200 का किया गया। इससे सम्बन्धित अभिलेख की जांच करने पर पाया गया कि अतिरिक्त जिला मण्डलाधिकारी (A.D.M) की अध्यक्षता में अन्तरराष्ट्रीय लवी मेला—2014 (International lavi Mela-2014) की बैठक में जो (निर्णय) लिए गए, उसमें कही भी यह निर्णय नहीं लिया गया कि अन्तरराष्ट्रीय लवी मेला—2014 के दौरान नगर परिषद रामपुर द्वारा टैक्सी को किराये पर लेकर उसका भुगतान नगर परिषद द्वारा किया जाएगा। अतः बिना कमेटी के निर्णय और बिना किसी सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के टैक्सी को प्रतिदिन के आधार पर किराये पर लेना अनियमित था, जिसके फलस्वरूप टैक्सी के उपयोग के लिए भुगतान को नियमित नहीं माना जा सकता, जिसकी भरपाई उचित स्त्रोतों से की जाए और अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। उक्त के अतिरिक्त बिल का भुगतान नगर परिषद द्वारा फर्म द्वारा दिए बिल के आधार पर किया गया, परन्तु वाहन का उपयोग किस अधिकारी/कर्मचारी द्वारा किस—किस दिन किया गया तथा वाहन का कितने

किलोमीटर के लिए उपयोग किया गया इससे सम्बन्धित भी कोई विवरण अभिलेख के साथ संलग्न नहीं था, जिस बारे भी स्थिति स्पष्ट की जाए तथा सम्बन्धित अभिलेख आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किए जाएं।

## 18 बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति/अनुमोदन से अन्तरराष्ट्रीय लवी मेला–2013 में स्थानीय कलाकारों को ₹2.70 लाख के भुगतान करने बारे

माह 11/2013 के व्यय के वाउचरों की जांच के दौरान पाया गया कि अन्तरराष्ट्रीय लवी मेला–2013 में स्थानीय कलाकारों द्वारा दिए कार्यक्रम के एवज में नगर परिषद द्वारा ₹2,70,000 का भुगतान किया गया, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है।

| वा0 सं0 | दिनांक | राशि |
|---|---|---|
| 706 | 13.11.2013 | 235000 |
| 715 | 18.11.2013 | 25000 |
| 725 | 20.11.2013 | 10000 |
| | **कुल योग** | **270000** |

यह भुगतान लवी मेला कमेटी के सक्षम अधिकारियों की बनाई कमेटी की स्वीकृति/अनुमोदन करवाए बिना किया गया। इस प्रकार बिना पूर्व अनुमोदन/स्वीकृति के स्थानीय कलाकारों को भुगतान करना अनियमित है। अतः ₹270000 के भुगतान बारे कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त करके इस व्यय को नियमित करवाया जाए और अनुपालना आगामी अंकेक्षण के दौरान दिखाई जानी सुनिश्चित की जाए तथा भविष्य में भी सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के उपरान्त ही भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 19 मोमैन्टो की खरीद पर ₹0.88 लाख का अनियमित व्यय करना

नगर परिषद द्वारा बैठक में लिए निर्णय के अनुसार लवी मेले के समाप्त होने के पश्चात नगर परिषद के सभी निर्वाचित सदस्यों, प्रधान व उपप्रधान सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मोमैन्टो देने का अनुमोदन पारित किया गया तथा तदानुसार वर्ष 2014 में कोटेशनों के आधार पर न्यूनतम दर वाली फर्म मैसर्ज शम्भू राम दीप चन्द, रामपुर बुशैहर, जिला शिमला से 49 नंबर मोमैन्टो (Momento) ₹1800 प्रति मोमैन्टो की दर से खरीद करके उनको वाउचर संख्याः 757, दिनांक 4.12.14 द्वारा ₹88200 का भुगतान किया गया। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि इस प्रकार का व्यय नगर परिषद निधि पर उचित प्रभार नहीं था, जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए और अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। यद्यपि नगर परिषद द्वारा इस राशि का व्यय लवी मेला के दौरान प्राप्त होने वाली आय से किया गया, फिर भी इस प्रकार के व्यय की स्वीकृति लवी मेला कमेटी के अध्यक्ष से ली जानी अपेक्षित थी, जोकि प्राप्त नहीं की गई, जिस बारे भी स्थिति स्पष्ट की जाए। इसके अतिरिक्त इन मोमैन्टो की खरीद की प्रविष्टि स्टॉक रजिस्टर में किए बिना ही इनका वितरण नगर परिषद के प्रधान, उपप्रधान, सदस्यों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों को किया गया, जोकि अनियमित था, क्योंकि बिना स्टॉक प्रविष्टि के

सामग्री (Momentos) का वितरण नियमानुसार सही नहीं है। अतः उक्त अनियमितता बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इस सन्दर्भ में कृत कार्रवाई करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 20 क्रय किए गए सामान की प्रविष्टि किए बिना ही भुगतान करना

**वाउचर संख्याः 773, माह 12/14, ₹7661**

नगर परिषद द्वारा नवनिर्मित Multifunctional Hall में लगाने के लिए Curtain Pipe, Wooden Fingal Sandal, Curtain Pipe की न्यूनतम दर के आधार खरीद के एवज में पर M/S Parshant Traders, Rampur Bushaher, Distt Shimla को ₹7661 का भुगतान किया गया। इस सामग्री की खरीद व इसको स्थल पर लगाने सम्बन्धी अभिलेखों की जांच करने पर पाया गया कि नगर परिषद द्वारा इस सामग्री की बिना स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि किए बिना ही बिल पर कनिष्ठ अभियन्ता द्वारा दिए प्रमाण पत्र के आधार पर ही बिल का भुगतान कर दिया, जोकि अनियमित था। अतः सामग्री की स्टॉक प्रविष्टि किए बिना और स्टॉक से सामग्री को जारी किए बिना ही बिल का भुगतान करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए और इस सामगी की स्टॉक प्रविष्टि में सम्बन्धित स्टॉक रजिस्टर में करके तथा जिस स्थल के लिए सामग्री लगाई गई, उस स्थल के लिए इनको जारी करने सम्बन्धी प्रविष्टि करके, अभिलेख आगामी अंकेक्षण में सत्यापन हेतु प्रस्तुत किए जाएं तथा भविष्य में इस प्रकार की त्रुटियों पर अंकुश लगाया जाए।

| | | |
|---|---|---|
| 21 | **निर्माण कार्य का नामः–** | **C/O Water Foundation in Cremation ground in ward No.-4 Rampur** |
| | **संविदाकार का नाम :–** | **Sh. Govind Ram Vashist** |
| | **आवंटन पत्र :–** | **1309 Dt. 8.7.2013** |
| | **माप पुस्तिका संख्याः–** | **3 पृष्ठ 13 से 15** |

उक्त निर्माण कार्य हेतु ₹79341 का भुगतान वाउचर संख्याः 745, दिनांक 26.11.2013 द्वारा किया गया था। इस निर्माण कार्य के बिल से सम्बन्धित माप पुस्तिका संख्याः 3, पृष्ठ 13 से 15 पर की गई, जिसकी प्रविष्टियों की जांच करने पर निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गईं।

### (क) गलत गणना करने के फलस्वरूप ₹4316 का अधिक भुगतान करना

निर्माण कार्य में 20mm thick cement plaster in single coat on rough side of Brick/Store mesonary in c:m 1:5 की मैपाईश (measurment) माप पुस्तिका में निम्न प्रकार से की गई।

| | | |
|---|---|---|
| (2th ) | 1x1x2x3.14x3.80x0.10 | 18.08$m^2$ |
| | 1x1x2x3.14x4.00x0.15 | 22.60$m^2$ |
| | **कुल** | **40.68$m^2$** |

जबकि इसकी गणना निम्न प्रकार से की जानी थी।

| | |
|---|---|
| 1x1x2x3.14x3.80x0.10 | 2.38$m^2$ |
| 1x1x2x3.14x4.00x0.15 | 3.77$m^2$ |
| **कुल** | **6.15$m^2$** |

इस प्रकार संविदाकार को इस मद में ($40.68m^2$–$6.15m^2$=$34.53m^2$) की अधिक मात्रा का ₹4316 ($34.53m^2$x125) अधिक भुगतान किया गया, जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए और अधिक भुगतान की गई ₹4316 की वसूली उचित स्त्रोत से करके नगर परिषद निधि में जमा की जाए और अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

(ख) इस निर्माण कार्य के लिए नगर परिषद द्वारा 76 बैग सीमेंट Indent संख्याः 1380, 1381, दिनांक 20.5.2013 द्वारा जारी किए गए, जिसकी वसूली भी इस बिल की राशि से कर ली गई। इस कार्य में उपयोग किए सीमेंट का ब्यौरा न तो माप पुस्तिका में दिया और न ही बिल के साथ Consumption Statement लगाई गई थी और जितने Cement Bag इस कार्य हेतु जारी किए गए थे, उनकी वास्तविक खपत की बहुत कम थी, जिसके फलस्वरूप इस निर्माण कार्य को नियमानुसार दिए गए Standard से कम Standard पर करवाया गया प्रतीत होता है, क्योंकि इस निर्माण कार्य में जितना सीमेंट प्रयोग किया जाना था, उसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| मद का ब्यौरा | Qty. | Factor | Cement Used |
|---|---|---|---|
| C.C 1:6:12 and cessing comeplete excluding the cost of form work in foundation & plinth | 8.11 | 2.20 | 17.84 |
| C.C 1:2:4 | 3.21 | 6.40 | 20.54 |
| 20mm Cement plaster in single coat on rough side of brick/Stone masonery in C:M 1:5 | 40.68 | 1.39 | 56.54 |
| P/L C:C. 1:1½:3 | 2.40 | 9.60 | 23.13 |
| P/L Upto floor two lavel C:C. 1:2:4 white glassed tiles | 1.70 | 6.40 | 10.88 |
| 6mm thick in skirting hsco and dado 12mm thick in Cement Mortor 1:3 | 40.68 | 0.21 | 8.54 |
| | **Total Consumptioon** | | **137.47** |

इस प्रकार नियमानुसार इस कार्य हेतु 138 सीमेंट बैंक उपयोग किए जाने चाहिए थे, जबकि इन कार्य हेतु कार्य में केवल 75 बैग ही उपयोग किए जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए। इसके साथ नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण को यह भी बताया जाए कि इस स्थल को अभी तक उपयोग में नहीं लाया गया तथा जिस स्थान पर यह बनाया गया था, वह स्थल भी (Sink) हो गया है। अतः इस निर्माण कार्य पर ₹116306 का व्यय उचित प्रभार न होकर अपव्यय ही प्रतीत होता है, जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए।

| | | |
|---|---|---|
| 22 | **Name of Work :-** | P/L heavy duty precast cement interlocking power block in Main Bazar Rampur Town R.D. 0/0 to 0/170 Rmt |
| | **Name of Contractor :-** | Sh: Ram Bhawan Govt. Contractor |
| | **Award Letter No. :-** | 1390 Dt. 21.8.2014 |
| | **M.B No. :-** | 6 Page No. 59 to 63 |
| | **Bill No. :-** | 1st Final Bill (as per Voucher) |

नगर परिषद द्वारा उक्त निर्माण कार्य का वाउचर संख्याः 832, दिनांक 23.12.2014 के अन्तर्गत ₹762340 का भुगतान किया गया। इस निर्माण कार्य से सम्बन्धित माप पुस्तिका संख्याः 6 के पृष्ठ 59 से 63 में की प्रविष्टियों की जांच करने पर पाया गया कि नगर परिषद द्वारा इस निर्माण कार्य के लिए 60 बैग सीमेंट इन्डैंट संख्याः 16/1558, दिनांक 30.6.2014 द्वारा जारी किए गए थे, जबकि इस कार्य की जो मैपाईश माप पुस्तिका संख्याः 6 पृष्ठ 59 to 63 में ली गई, उसके अनुसार इस निर्माण कार्य में निम्नलिखित सीमेंट उपयोग किया जाना था।

| क्र0 सं0 | मद का ब्यौरा | गणना | Cousumption Factor | कुल खपत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | P/L C:C 1:6:12 1 Cement: 6 Sand and 12 graded Stone aggregate 40mm nominal size | 41.74 cum. | 2.20 bags | 91.83 bags |
| 2 | Providing & lying heavy duty precast power block compacted up to M-50 grade 1/C border of kurb block greyor coloused over sub base of can with 25 mm thick 1:4 lrid over jointed with heat cement seumy with pigment to match shade of block i:c casing nothing i:e polishing complete 60mm thick inter locking block | 557.64 Sq Mtr. | 0.262 bags | 146.24 bags |
| | | | **Total** | **238** bags |

इस प्रकार नगर परिषद स्टोर से संविदाकार को इस निर्माण कार्य के लिए केवल 60bag सीमेंट ही जारी किए जबकि इस निर्माण कार्य पर सीमेंट की खपत उक्त विवरणानुसार 238 बैग की बनती है। इसके अतिरिक्त कनिष्ठ अभियन्ता द्वारा भी इस निर्माण कार्य पर 90 बैग सीमेंट की खपत M.B संख्याः 6 पृष्ठ 63 पर दर्शाई गई है, जबकि नगर परिषद स्टोर से केवल 60 बैग सीमेंट ही जारी किए। अतः यदि कनिष्ठ अभियन्ता की खपत भी सही है तो बकाया 30 बैग सीमेंट संविदाकार द्वारा इस निर्माण कार्य में कहां से लगाए, उसके बारे में स्थिति स्पष्ट की जाए, क्योंकि 30 बैग सीमेंट के उपयोग का कोई भी प्रमाण बिल के साथ संलग्न नहीं है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि निर्माण मानक दर के आधार पर यह निर्माण कार्य Sub Standard किया गया, जिसकी विभाग अपने स्तर पर छानबीन करके वस्तुस्थिति से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाएं और भविष्य में निर्माण कार्य मानक दर पर करवाए जाने सुनिश्चित किए जाएं।

| | | |
|---|---|---|
| 23 | **निर्माण कार्य का नाम :–** | C/o Path/road from NH-22 to H/O Smt. Satya Bushari in ward No. 7 Khopri, Rampur |
| | **संविदाकार का नाम :–** | Sh. Shesh Ram Sharma |
| | **आवंटन पत्र संख्या :–** | 1389 दिनांक 21.8.2014 |
| | **बिल संख्या :–** | IInd & Final Bill |

(क) नगर परिषद द्वारा उक्त निर्माण के लिए वाउचर संख्याः 809, दिनांक 20.12.2014 द्वारा ₹311164 का भुगतान किया गया। इससे सम्बन्धित माप पुस्तिका संख्याः 6 के पृष्ठ 43 से 46 तथा पृष्ठ 16 से 19 में की गई प्रविष्टियों की जांच करने पर पाया गया कि कार्य मद 'Providing & Lying cement concrete 1:5:10 with 15% plum and casing complete excluding the cost of form waskin retaining walls, the size of plums shall manually be 150mm to 300mm as per HPPWD Specification' का भुगतान किए Weep hole मद की Quantity की कटौती किए बिना ही किया गया है, जिससे फलस्वरूप ठेकेदार को ₹3519 का अधिक भुगतान किया गया प्रतीत होता है, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है।

| **M.B पृष्ठ** | **Quantity जिस पर भुगतान किया** | **दर** | **राशि** |
|---|---|---|---|
| पृष्ठ–43, 18 | 207.60 (123.23+84.37) Cem. | 2750 | 570899 |

इस मद का जिस प्रकार भुगतान किया जाना था।

Total Quantity 207.60
**Less:-** P/L PVC (D.P loat) pipe 100 mm@of making presence not less than 4.5 kg/sq mtr. In weep holes of R/Wall & B/Wall
M.B Page No. 43 i.e 26 No.
